(11)

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद
Bihar Shiksha Pariyojana Parishad
(जिला स्तरीय कार्यालय, पटना)

793, राज सदन, गोकुल पथ, पटेल नगर, पटना–800023

बिहार सरकार

पत्रांक : 1239 दिनांक :– 04/05/2018

सेवा में,

प्राचार्य,
सभी निजी विद्यालय,
जिला– पटना।

विषय : **शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत अभिवंचित वर्ग के बच्चों के नामांकन के संबंध में ।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आप अवगत हैं कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रवेश कक्षा में उपलब्ध सीटों के 25 प्रतिशत सीट पर अभिवंचित वर्ग के बच्चों का नामांकन लिया जाना है।

जिला पदाधिकारी, पटना द्वारा उक्त संदर्भ में दिनांक 26.03.2018 को बैठक की गयी और उक्त कोटि के बच्चों के नामांकन के लिए Schooglink App के माध्यम से बच्चों के On line आवेदन देने तथा समेकित रूप से कम्प्यूटर के द्वारा लॉटरी करके विद्यालयवार नामांकन हेतु बच्चों के चयन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

विदित हो कि दिनांक 28.04.2018 को समाहरणालय सभागार कक्ष में जिला पदाधिकारी द्वारा बच्चों के चयन के लिए कम्प्यूटर के माध्यम से लॉटरी निकाली गयी, जिसमें आप भी आमंत्रित किये गये थे।

उक्त स्थिति में चयनित बच्चों की सूची संलग्न करते हुए निदेश दिया जाता है कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत शीघ्रताशीघ्र नामांकन सुनिश्चित करते हुए विस्तृत प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को दिया जाय।

यह भी अंकनीय है कि अधिनियम के धारा '2' की कंडिका (n) की उपकंडिका (iii) एवं (iV) के अंतर्गत संदर्भित विद्यालय, उन बच्चों के साथ जो अधिनियम की धारा '12' की उपधारा (1) की कंडिका (C) के अनुपालन में विद्यालय में नामांकित हुए हों, उन्हें खेल, सहगामी पाठ्यचर्या, सूचना एवं संचार तकनीकी के शिक्षण की सुविधा, पुस्तकालय, पोशाक, पाठ्यपुस्तक आदि सुविधाएँ जिसे प्राप्त करने का अधिकार उन्हें प्राप्त है, के संबंध में सामान्य बच्चों से किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करेंगे।

आशा है कि विद्यालय प्रशासन शिक्षा के अधिकार अधिनियम में किये गये प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

अनुलग्नक :– विद्यालयों की सूची।

विश्वासभाजन,
ज्योति कुमार 04/05/18
(ज्योति कुमार)
जिला शिक्षा पदाधिकारी
पटना।

c Mr Shudhanshu 07/05/18

PRINCIPAL
D.A.V. PUBLIC SCHOOL
MOKAMA
SCHOOL No.-50094
AFFILIATION No.-330181

MANAGER
D.A.V. PUBLIC SCHOOL
MOKAMA

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें